प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महिला क्लब द्वारा महिला मजदूरों के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता गोष्ठी का सफल आयोजन

पंतनगर। 19 मार्च 2025। विश्वविद्यालय में महिला क्लब की अध्यक्ष वीना चौहान के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पंतनगर की महिला मजदूरों को व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन) और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती स्वाती भदौरिया (आई.ए.एस.) उपस्थित थी। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया एवं अपने संबोधन से ज्ञानवर्धन किया। इसके साथ ही पंतनगर की श्रमिक महिलाएं भी उपस्थित रहीं और उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यक्रम में डा. ऋतु त्रिपाठी ने महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व, सही खान–पान और स्वास्थ्य को बनाए रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, डा. कमला ध्यानी (योग विशेषज्ञ एवं न्यूरोथैरेपिस्ट) ने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक योग एवं व्यायाम की विधियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से किए जाने वाले योग और व्यायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिला क्लब की अध्यक्ष वीना चौहान ने कहा कि ''समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य और स्वच्छता की जानकारी पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने परिवार और समाज को भी स्वस्थ रखने में योगदान देंगी।'' कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन, साबुन व सर्फ वितरित किया गया। महिलाओं ने इसे बेहद लाभकारी बताया और अपने दैनिक जीवन में इन जानकारियों को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन की सफलता के लिए महिला क्लब की सचिव विजयलक्ष्मी व सभी क्लब की सदस्याओं, डॉक्टरों और स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार, महिला क्लब द्वारा किया गया यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कार्यक्रम में पन्तनगर महिला क्लब द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करते।

निदेशक संचार